## महत्वपूर्ण एवं खास

### मुख्यमंत्री बघेल शिमला जाने के लिए हुए रवाना

**रायपुर (आरएनएस)।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल शिमला दौरे पर जाने के लिए आज सुबह रवाना हो गए। मुख्यमंत्री बघेल आज सवेरे 8 बजे रायपुर से विमान द्वारा रवाना होकर 9:30 बजे नई दिल्ली पहुंचेंगे और वहां से 10:00 रवाना होकर 10:30 बजे पंजाब के मोहाली पहुंचेंगे। बघेल मोहाली से 10:45 बजे हेलीकॉप्टर से रवाना होकर 11:35 बजे शिमला पहुंचेंगे मुख्यमंत्री वहां राजीव भवन में हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह को श्रद्धांजलि देने के लिए आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे। मुख्यमंत्री कार्यक्रम के बाद शिमला से दोपहर 2:30 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा रवाना होकर अपरान्ह 3:15 बजे मोहाली और वहां से विमान द्वारा 4:00 बजे नई दिल्ली पहुंचेंगे। मुख्यमंत्री नई दिल्ली से शाम 4:30 बजे विमान द्वारा रवाना होकर शाम 6:00 बजे रायपुर लौट आएंगे।

### विवाह का प्रलोभन देकर नाबालिग का अपहरण आरोपी गिरफ्तार

**जगदलपुर (आरएनएस)।** जिले के लोहण्डीगुड़ा थाना में 25 जून को नाबालिग बालिका के लापता होने की शिकायत दर्ज कराई गई थी। उक्त शिकायत पर पुलिस ने आलवाही के निवासी आरोपी परमेश्वर ठाकुर को गिरफ्तार किया है। जिसके विरुद्ध धारा 363, 366, 376 आईपीसी व 06 पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया है। पुलिस के मुताबिक गुम बालिका को आरोपी विवाह का प्रलोभन देकर अपहरण और बलात्संग का अपराध घटित किया जाने के आरोप में आरोपी परमेश्वर ठाकुर के कब्जे से बालिका को बरामद कर न्यायिक रिमांड पर न्यायालय में पेश किया गया है।

### ईटा खरीदी के लिए आर्डर कर रकम भेजने का झांसा देकर ऑनलाईन 58 हजार रुपये की ठगी

**रायपुर (आरएनएस)।** ईटा खरीदी के लिए आर्डर कर अज्ञात व्यक्ति ने पेटीएम के माध्यम से हजारों रुपये की ठगी कर लिया। मामले की रिपोर्ट देवेन्द्र नगर थाने में दर्ज करायी गई है। मिली जानकारी के अनुसार देवेन्द्रनगर निवासी देवेश पिंजानी 20 वर्ष पिता शंकर पिंजानी ने थाने में शिकायत दर्ज करायी है कि 09 जून को अज्ञात व्यक्ति ने मोबाईल नंबर 97079-86772 एवं 82396-29489 से प्रार्थी के वाट्सअप नंबर पर कॉल कर ईटा खरीदी के लिए आर्डर किया था तथा एडवांस रकम पेटीएम के माध्यम से देना बोलकर अपने द्वारा बताए प्रोसेस करने को कहा जिसके बाद प्रार्थी के खाते से 58444 रुपये खाते से ऑनलाईन ट्रांसफर हो गया।

### रेट्रोफिटिंग नल जल प्रदाय योजना के लिए 3.39 करोड़ रूपए स्वीकृत

**रायपुर (आरएनएस)।** लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरू रूद्रकुमार के निर्देशन पर छत्तीसगढ़ में जल जीवन मिशन के कार्यों का बेहतर क्रियान्वयन किया जा रहा है। शुद्ध पेयजल की आपूर्ति और संचालित योजनाओं के विस्तार के लिए रेट्रोफिटिंग नल जल प्रदाय योजना के तहत कार्य कराए जा रहे हैं। इसी कड़ी में रायपुर जिले के आरंग विकासखण्ड के लिए 3 करोड़ 39 लाख 77 हजार रूपए की प्रशासकीय स्वीकृति मिली है। कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य सचिव जिला जल एवं स्वच्छता मिशन, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी रायपुर से इस आशय का आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के तहत रायपुर जिले के आरंग विकासखण्ड अंतर्गत सकरी ग्राम पंचायत के भाटापारा और खासबस्ती बसाहट में एक करोड़ 35 लाख रूपए, ग्राम पंचायत रानीसागर के बस स्टैंड पारा और खासबस्ती बसाहट में 48 लाख 18 हजार रूपए तथा सिवनी ग्राम पंचायत के भाटापारा और खासबस्ती बसाहट में एक करोड़ 56 लाख 59 हजार रूपए की लागत की रेट्रोफिटिंग नल जल प्रदाय योजना की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है।

# निलंबित आईपीएस जीपी सिंह ने हाईकोर्ट में जमानत याचिका लगाई

» **90 पेज की याचिका पर अर्जेंट हियरिंग की मांग की**

» **मंत्रियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने मुझे फंसाया, सीबीआई जांच की मांग की**



**बिलासपुर (आरएनएस)।** आय से अधिक संपत्ति के मामले में एसीबी द्वारा निलंबित आईपीएस जीपी सिंह के यहां छापामार कार्यवाही किए जाने पर कड़ी आपत्ति व्यक्त करते हुए सिंह अपने अधिवक्ता किशोर भादुड़ी के जरिए लगाते हुए हाईकोर्ट से उनके मामले पर अर्जेंट हियरिंग की मांग की है। सिंह के अनुसार डायरी लिखना उनकी आदत में शुमार है। कुछ बड़े अधिकारियों एवं मंत्री के काम जो विधि विरुद्ध थे उनके द्वारा मना किए जाने पर जानबूझकर छापामार कार्यवाही के जरिए उन्हें फंसाया गया है। डायरी के जिन पन्नों के आधार पर एसीबी और रायपुर कोतवाली ने उनके खिलाफ राष्ट्रद्रोह का मामला दर्ज किया है वह तथ्यहीन है। उन्होंने कहा कि आईपीसी की धारा 124क के तहत दर्ज मामले में वह नहीं आते है। हाईकोर्ट से जमानत के मामले में उनके अधिवक्ता द्वारा कुछ समय बाद ही संभावित न्यायाधीश पीपी साहू एवं न्यायाधीश नरेन्द्र व्यास की अदालत में हाईकोर्ट में सुनवाई होने की संभावना है।

गौरतलब है कि निलंबित आईपीएस और राजद्रोह के आरोपी जीपी सिंह ने हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। याचिका में त्वरित सुनवाई के साथ अंतरिम राहत की माँग करते हुए पूरे मसले की सीबीआई जाँच की माँग रखी गई है। याचिका में शपथ पत्र के साथ साथ कई तथ्यों का ज़िक्र है, यह याचिका क़रीब नब्बे पन्नों की है।

याचिका को जी पी सिंह की ओर से सव्यसाची भादुड़ी ने पेश किया है, पंक्तियों के लिखे जाने तक इसे हाईकोर्ट में पेश किए जाने की औपचारिकताओं को अंतिम रुप दिया जा रहा है। याचिका में जी पी सिंह ने पूरी कार्यवाही को पूर्वाग्रह से ग्रसित बताते हुए आरोप लगाया है कि नान मामले में उंचे राजनैतिक स्तर पर कार्यवाही किए जाने का दबाव था। खास उंचे राजनैतिक स्तर को निशाने में लेकर कार्यवाही की जाए। याचिका में बीते तीस जून को रायपुर की विशेष अदालत में दो अधिकारियों के विरुद्ध नान मामले में चार्ज फ्रेम किए जाने वाले अदालती कार्यवाही का भी ज़िक्र है। याचिका में कहा गया है कि, ऐसा नहीं करने पर याचिकाकर्ता के विरुद्ध मामला गढ़ दिया गया। याचिका में कहा गया है कि, जाँच कर्ता अधिकारी और जाँच का सिस्टम पूर्वाग्रह से पूरी तरह प्रभावित है.. इस पूरे मसले की सीबीआई जाँच करें और अंतरिम राहत देते हुए इस पूर्वाग्रह से पूरी तरह ग्रस्त कार्यवाही जो सिंह के खिलाफ की गई है उस पर उन्होंने तत्काल रोक की मांग की है।

### पर्याप्त साक्ष्य होने पर ही एसीबी ने की कार्यवाही - सीएम

छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने पहली बार निलंबित एडीजीपी जीपी सिंह को लेकर खुलकर बयान दिया है। सीएम बघेल ने कहा कि एसीबी और ईओडब्लू ने पर्याप्त साक्ष्य के हिसाब से कार्रवाई की है। प्राप्त दस्तावेज इस बात के साक्ष्य हैं कि जीपी सिंह के खिलाफ किस तरह की कार्रवाई की जानी चाहिए।

विदित है कि छत्तीसगढ़ के सीनियर आईपीएस और एडीजीपी जीपी सिंह के ठिकानों पर एसीबी और ईओडब्लू की टीम ने 1 जुलाई को उनके ठिकानों पर दबिश दी थी। छानबीन के दौरान प्राप्त दस्तावेजों, खातों के अलावा निवेश और विदेशी खातों की जानकारी उजागर हुई, जिसके चलते राज्य सरकार ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था। प्राप्त दस्तावेजों के अलावा पड़ताल में पेन ड्राइव, हार्ड डिस्क सहित अन्य संसाधनों की भी जांच की गई है। इसमें इस बात का खुलासा पुलिस ने किया है कि आईपीएस जीपी सिंह सरकार के खिलाफ षडयंत्र कर रहे थे। जिसके चलते आईपीएस जीपी सिंह के खिलाफ राजद्रोह का मुकदमा भी कायम कर लिया गया है। बहरहाल इस मामले में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का यह कहना बेहद अहम है और काफी मायने भी रखता है कि एसीबी और ईओडब्लू प्राप्त दस्तावेजों के आधार पर ही कार्रवाई कर रही है।

## रायपुर-धमतरी-राजिम रेल लाइन की प्रक्रिया शुरू

» **रेल मंत्री पीयूष गोयल ने सांसद चुन्नीलाल साहू को लिखा पत्र**

**महासमुंद (आरएनएस)।** लोकसभा क्षेत्र के सांसद चुन्नीलाल साहू के द्वारा लोकसभा में बहस के दौरान नियम 377 के अंतर्गत रायपुर-धमतरी-राजिम रेल लाइन का मामला उठाया गया था। उक्त मामले में भारत सरकार के रेल मंत्री पीयूष गोयल ने पत्र क्रमांक 2021/डब्ल्यू-77/एसईसीआर/आर-33/07 दिनाँक 01 जुलाई 2021 को पत्र के माध्यम से इसकी वर्तमान स्थिति से अवगत कराते हुये बताया कि अभनपुर-राजिम शाखा लाइन 67.20 किमी सहित रायपुर (केन्द्री) से धमतरी के बीच आमान परिवर्तन कार्य को रायपुर टिटलागढ़ 203 किमी के दोहरीकरण कार्य के वस्तुपरक आशोधन के रूप में मंजूरी दी गयी है। दिनाँक 30.05.2018 को 543.93 करोड़ रु के विस्तृत अनुमान को स्वीकृति दी गयी है। 28.36 हेक्टेयर निजी भूमि और 8.28 हेक्टेयर सरकारी भूमि का अधिग्रहण शुरू किया गया है।

अपेक्षित भूमि के हस्तांतरण में तेजी लाने के लिये छत्तीसगढ़ सरकार का अनुवर्तन किया जा रहा है। एजेंसी को कार्य सौंप दिया गया है और उपलब्ध भूमि पर कार्य शुरू किया गया है। उक्त पत्र से स्पष्ट है कि माननीय सांसद चुन्नीलाल साहू जी के प्रयासों से रायपुर-धमतरी-राजिम बड़ी रेल लाइन का क्षेत्र वासियों का सपना अब शीघ्र ही पूरा होगा। इसका निर्माण कार्य प्रारंभ भी हो चुका है। भूमि हस्तांतरण के कार्य मे राज्य सरकार जितना शीघ्रता करेगी उतनी इस कार्य मे गति आएगी।

## भारी मात्रा में अवैध मदिरा व महुआ लाहन पकड़ाया

» **8 आरोपियों को आबकारी विभाग ने भेजा जेल**

**रायगढ़ ।** कलेक्टर भीम सिंह ने सहायक आयुक्त आबकारी प्रकाश पाल को अवैध शराब के निर्माण, परिवहन पर रोकथाम के लिए सघन अभियान हेतु निर्देशित किया है। उक्त निर्देशन के परिपालन में आबकारी विभाग की टीम ने अलग-अलग प्रकरणों में भारी मात्रा में अवैध मदिरा के साथ महुआ लाहन पकड़ा और इसमें संलिप्त आठ आरोपियों को गिरफ्तार करते हुये उन्हें जेल दाखिल किया गया। सहायक जिला आबकारी अधिकारी रमेश कुमार अग्रवाल ने मुखबिर की सूचना पर रायगढ़ शहर से लगे बालसमुन्द क्षेत्र में सुबह दबिश देकर अवैध शराब बनाकर बिक्री कर रहे आरोपी को गिरफ्तार किया। बालसमुन्द की सुकृता यादव के घर की तलाशी में दो लीटर साईज वाली तीन प्लास्टिक बोतलों में भरी हुई अवैध शराब बरामद कर जप्त की गई। धनागर गांव में हाईवे किनारे अवैध शराब बिक्री की सूचना पर कार्यवाही में फुलकुमारी सिदार को बड़े साईज के प्लास्टिक जरीकेन में भरी हुई आठ लीटर अवैध शराब ग्राहकों को बेचते हुए पकड़ा गया।

आबकारी उपनिरीक्षक ने रमेश सिंह सिदार सरिया थाना के ग्राम रिसोरा-जटियापाली सड़क मार्ग से अवैध शराब परिवहन करते वासुदेव बंजारा को गिरफ्तार किया, आरोपी से बीस लीटर शराब लाते हुये पकड़ा। थाना-जूटमिल क्षेत्र के गोहड़ीडीपा निवासी कार्तिक राम चौहान को 48 पाउच महुआ शराब बेचते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किया। प्रत्येक पाउच में 180 मिली लीटर शराब भरी पाई गई, कुल 8.64 लीटर शराब की कीमत 2400 रूपये आँकी गई। कुलदीप शर्मा आबकारी उपनिरीक्षक ने थाना तमनार के गारे ग्राम निवासी आत्माराम निषाद के रिहायशी मकान की तलाशी में पाँच नग दो लीटर साइज की प्लास्टिक बोतलों में भरी कुल दस लीटर अवैध महुआ शराब बरामद कर आरोपी को गिरफ्तार कर रायगढ़ जेल दाखिल किया गया। आबकारी उपनिरीक्षक आशीष उप्पल ने रायगढ़ शहर के रामभाठा क्षेत्र में जवाहर नगर में शराब बिक्री की सूचना पर दबिश दी, आरोपी पोलूस टोप्पो के मकान से जरीकेन मे पाँच लीटर और बोतल में भरी दो लीटर अवैध शराब बरामद की आरोपी को गिरफ्तार किया गया।

## जिले में ईजीएल और सीख कार्यक्रम की निरंतरता हेतु वर्चुअल समीक्षा बैठक हुई संपन्न

**रायगढ़ ।** यूनिसेफ और राज्य साक्षरता मिशन प्राधिकरण की साझेदारी से जिले में संचालित सीख कार्यक्रम की निरंतरता एवं साथ ही जिले के तीन विकास खंडों रायगढ़, तमनार, खरसिया में संचालित हो रहे ईजीएल (अर्ली ग्रेड लिट्रेसी) कार्यक्रमों की पुनः शुरुआत एवं क्रियान्वयन हेतु सीईओ जिला पंचायत डॉ.रवि मित्तल के कुशल मार्गदर्शन में यूनिसेफ के सीख कार्यक्रम की डायरेक्टर सुश्री शिखा राणा, डीईओ आर.पी.आदित्य, डीएमसी रमेश देवांगन एवं ईजीएल एवं सीख कार्यक्रम के जिला प्रभारी आलोक स्वर्णकार की विशेष उपस्थिति में महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

उल्लेखनीय है कि रायगढ़ जिले में सर्वप्रथम विकासखंड तमनार, रायगढ़, खरसिया में प्रारंभ होकर तत्पश्चात जिले के सभी विकास खंडों में संचालित हो रहा सीख कार्यक्रम एक ऐसी प्रभावी योजना रही है, जो पालकों और समुदाय के मदद से बच्चों को सीखने-सिखाने का अवसर प्रदान करती रही है। साथ ही ईजीएल एक ऐसा कार्यक्रम है जो कक्षा 1 एवं 2 के नौनिहालों के भाषायी एवं आंकिक दक्षता के उन्नयन से संबंधित है। ईजीएल के अंतर्गत जिले के तीन विकास खंडों के सभी प्राइमरी स्कूलों में एक-एक ईजीएल कक्ष तैयार किया गया है। किंतु कोविड काल के कारण इन तीनों विकासखंडों के सभी प्राइमरी स्कूल में तैयार इन आदर्श ईजीएल कक्षा में इसके उद्देश्य की शुरुआत नहीं हो सकी थी। इस हेतु ईजीएल कक्षा की विधिवत शुरुआत जुलाई के अंतिम सप्ताह में की जा रही है। इसी तारतम्य में समीक्षा हेतु यूनिसेफ में सीख कार्यक्रम की डायरेक्टर सुश्री शिखा राणा का आगमन जिले में हुआ और सीईओ जिला पंचायत रायगढ़ ने भी इस कार्यक्रम को आगे बढ़ाने हेतु सहमति प्रदान की है। उक्त समीक्षा बैठक में उपस्थित सुश्री शिखा राणा ने विशेष रूप से यह बात कही है कि हमारा यह प्रयास रहेगा कि हम कुछ ईजीएल सेंटर्स को एक आदर्श की ईजीएल सेंटर्स के रूप में विकसित कर सकें। साथ ही सीख कार्यक्रम जो कि कक्षा 1 से 5 के बच्चों की भाषायी और आंकिक दक्षता उन्नत करने के उद्देश्य से जिले के सभी विकास खंडों में संचालित है। उक्त दोनों कार्यक्रम को वर्तमान में संचालित हो रहे मोहल्ला क्लास से संबद्ध कर मोहल्ला क्लास के माध्यम से इन्हें संचालित किया जाएगा। जिसमें वॉलिंटियर और शिक्षक दोनों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण होगी।



## दुर्ग-नौतनवा एवं दुर्ग-अजमेर स्पेशल गाड़ी में अतिरिक्त कोच की सुविधा

**रायपुर (आरएनएस)।** रेलवे प्रशासन द्वारा यात्रियों की बेहतर सुविधा व अधिकाधिक यात्रियों को कंफर्म बर्थ उपलब्ध करने हेतु दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने वाली 02 जोड़ी स्पेशल गाड़ियों में एक-एक अतिरिक्त कोच की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। इस सुविधा की उपलब्धता से इस गाड़ी में यात्रा करने वाले अधिकाधिक यात्री लाभान्वित होंगे।



गाड़ी संख्या 08205/08206 दुर्ग-नौतनवा-दुर्ग स्पेशल गाड़ी में एक अतिरिक्त एसी-एक सह एसी-टू कोच की सुविधा दुर्ग से 15 जुलाई से 11 नवम्बर 2021 तक तथा नौतनवा से 17 जुलाई से 13 नवम्बर 2021 तक उपलब्ध रहेगी। गाड़ी संख्या 08213/08214 दुर्ग-अजमेर-दुर्ग स्पेशल गाड़ी में एक अतिरिक्त स्लीपर कोच की सुविधा दुर्ग से 11 जुलाई 2021 से 01 अगस्त 2021 तक तथा अजमेर से 12 जुलाई 2021 से 02 अगस्त 2021 तक उपलब्ध रहेगी।

## ओलम्पिक में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन करने राजधानी के विभिन्न स्थानों पर बनाए सेल्फी जोन

» **खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा शहर के बूढ़ातालाब, तेलीबांधा तालाब में बनाए गए सेल्फी जोन**

» **खेल प्रेमी अपनी सेल्फी और खेल विभाग के फेसबुक पेज पर टैग कर खिलाड़ियों का करेंगे उत्साहवर्द्धन**

**रायपुर (आरएनएस)।** टोक्यो ओलम्पिक में भारत देश का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों को छत्तीसगढ़ राज्य के सभी खिलाड़ियों, खेल प्रेमियों एवं आम जनता की तरफ से आज खेल मंत्री उमेश पटेल ने शुभकामनाएं दी तथा अधिक से अधिक पदक जीतने के लिए खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन किया। इस अवसर पर खेल सचिव अविनाश चम्पावत एवं खेल संचालक श्वेता वास्तव सिन्हा सहित खेल एवं युवा कल्याण विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।




खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा रायपुर शहर के बूढ़ातालाब पर्यटन क्षेत्र एवं तेलीबांधा तालाब - मरीन ड्राइव में फेटो/सेल्फी जोन स्थापित किए गए हैं। साथ ही पं. रविशंकर विश्वविद्यालय के प्रवेश द्वार तथा सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम के प्रवेश द्वार में भी सेल्फी जोन स्थापित किए जा रहे हैं। सभी खिलाड़ी, युवा, खेल प्रेमी एवं आम जनता फेटो/सेल्फी प्वाइंट पर अपना फेटो लेकर 2020 एवं खेल विभाग के फेसबुक पेजपर टैग करते हुए टोक्यो ओलम्पिक में भाग लेने वाले भारतीय खिलाड़ियों का उत्साहवर्द्धन कर सकते हैं।

इसके साथ ही भारतीय ओलम्पिक संघ एवं भारतीय खेल प्राधिकरण के द्वारा ऑनलाईन आयोजन भी किया जा रहा है। क्वीज में भाग लेने के लिए सभी आयुवर्ग के प्रतिभागी लिंक जर्सी तथा भारतीय ओलम्पियन खिलाड़ियों से मिलने का मौका भी मिलेगा।


SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

**Social Justice Union**
Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

**अधिकार से न्याय तक**

**आवश्यकता**

इस संघ का गठन समपूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं. 9301915303 है।

**उद्देश्य एवं नियुक्तियां**

**मुख्य बिन्दु**

**पीड़ित संपर्क करें**

**अन्य बिन्दु**

पढ़िए ... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU


## छत्तीसगढ़ में मनरेगा की तेज चाल, साल भर के लक्ष्य का लगभग आधा काम पहली तिमाही में ही पूरा

» **करीब 22 लाख परिवारों के 39.34 लाख से अधिक श्रमिकों को काम**



**रायपुर (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ में इस साल भी मनरेगा (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम) के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। चालू वित्तीय वर्ष 2021-22 के शुरूआती तीन महीनों में ही साल भर के लक्ष्य का लगभग आधा काम पूरा कर लिया गया है। भारत सरकार द्वारा इस साल छत्तीसगढ़ के लिए स्वीकृत 13 करोड़ 50 लाख मानव दिवस रोजगार के लक्ष्य के विरूद्ध अप्रैल, मई और जून में कुल छह करोड़ 65 लाख 13 हजार मानव दिवस रोजगार का सृजन किया गया है। यह पूरे वर्ष भर के लक्ष्य का 49.27 प्रतिशत है। प्रदेश के 21 जिलों में अप्रैल से जून तक के लिए निर्धारित लक्ष्य से ज्यादा रोजगार उपलब्ध कराया गया है। पूरे प्रदेश में पहली तिमाही के लिए निर्धारित छह करोड़ 21 लाख 94 हजार मानव दिवस लक्ष्य के विरूद्ध छह करोड़ 65 लाख 13 हजार मानव दिवस रोजगार सृजित किया गया है जो लक्ष्य का करीब 107 प्रतिशत है। राष्ट्रीय स्तर पर लक्ष्य के विरूद्ध कार्य पूर्णता में छत्तीसगढ़ देश में छटवें स्थान पर है। कोरोना संक्रमण के कारण विपरीत परिस्थितियों में भी मनरेगा के माध्यम से प्रदेश में ग्रामीणों को लगातार रोजगार मिलता रहा है। मौजूदा वित्तीय वर्ष के शुरूआती तीन महीनों में प्रदेश में करीब 22 लाख परिवारों के 39 लाख 34 हजार 242 श्रमिकों को रोजगार मुहैया कराया गया है। इनमें से 20 लाख सात हजार यानि 50 प्रतिशत से अधिक महिलाएं हैं। इस दौरान सृजित छह करोड़ 65 लाख 13 हजार मानव दिवस रोजगार में से तीन करोड़ 36 लाख 66 हजार मानव दिवस महिला श्रमिकों द्वारा सृजित किया गया है जो कि कुल सृजित मानव दिवस का 50.62 प्रतिशत है। वर्ष 2021-22 की पहली तिमाही में राजनांदगांव जिले में सर्वाधिक 71 लाख एक हजार मानव दिवस रोजगार उपलब्ध कराया गया है।